FORM NO.III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी जिला जोधपुर

जस्व विविध प्रार्थना पत्र संख्या : १४/2025

प्रार्थी		अप्रार्थी
गोविन्द प्रकाश	बनाम	राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार लूणी

केस्म मुकदमा– प्रार्थना पत्र अन्तर्गत 136 भू–राजस्व अधिनियम

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
2.06.2025	प्रार्थी श्री गोविन्द प्रकाश पुत्र पोकरराम जाति माली निवासी सालावास लूणी तहसील लूणी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के सलंग्न जमावंदी सत्यप्रतिलिपि क्रमांक 5497 दिनांक 22.04.2024 प्रस्तुत कर ग्राम सालावास के खसरा नम्बर 36/1 रकवा 8.2718 हैक्टैयर एवं ग्राम किसनासर के खसरा नम्बर 597, 598 में प्रार्थी का त्रुटिवश नाम गोविन्दसिंह दर्ज हो गया, जबकि प्रार्थी का सही एवं वास्तविक नाम गोविन्द प्रकाश गहलोत है, जिसे राजस्व रेकर्ड में शुद्विकरण करने का निवेदन किया है। प्रार्थी के प्रार्थना पत्र की जांच तहसीलदार लूणी के पत्रांक/भू.अ./24/1362 दिनांक 07.05.2024 के द्वारा जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। जो शामिल मिसल किया गया है। पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली में उपलब्ध तहसीलदार लूणी की रिपोर्ट का अध्ययन व विश्लेषण करने से स्पष्ट है कि प्रार्थी का नाम जमावंदी सम्वत 2077–2080 में ग्राम सालावास के खसरा नम्बर 36/1 व ग्राम किशनासर के खसरा नम्बर 597, 598 में गोविन्दसिंह पुत्र पोकरराम जाति माली निवासी सालावास सह खातेदार दर्ज है। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज आधार कार्ड, पेन कार्ड, कॉपरेटिंव बैक डायरी, जनआधार कार्ड व राशन कार्ड इत्यादि में गोविन्दप्रकाश पुत्र पोकरराम नाम दर्ज होना बताया तथा हल्का पटवारी सालावास द्वारा प्रार्थी का नाम गोविन्दसिंह उर्फ गोविन्दप्रकाश पुत्र पोकरराम शुद्वि किये जाने की अनुशंषा की गई है। अतः इस आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा तहसीलदार लूणी को आदेश दिये जाते है कि ग्राम सालावास के खसरा नम्बर 36/1 व ग्राम किशनासर के खसरा नम्बर 597, 598 में प्रार्थी का नाम गोविन्दसिंह उर्फ गोविन्द प्रकाश पुत्र पोकरराम जाति माली सा. देह खातेदार दर्ज किया जावें। आदेश सुनाया गया। पत्रावली फेसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हों। सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, लूणी	